**प्रेस विज्ञप्ति**

# गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
# पन्तनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)
## विश्वविद्यालय में सड़कों के नवीनीकरण एवं चौड़ीकरण के कार्य का शुभारम्भ

पंतनगर। 8 मई 2023। विश्वविद्यालय में हवाई अड्डा गेट से नगला तथा गांधी भवन छात्रावास से पटेल छात्रावास तक सड़क की मरम्मत, रखरखाव व चौड़ीकरण का कार्य आज से प्रारंभ किया गया। कई वर्षों से लम्बित यह कार्य डा. मनमोहन सिंह चौहान, कुलपति, पंतनगर विश्वविद्यालय के अथक प्रयासों से सम्भव हुआ है। आज पूर्वान्ह में कुलसचिव, डा. दीपा विनय तथा निदेशक निर्माण एवं संयत्र, डा. ज्योति प्रसाद के द्वारा भूमि पूजन किया गया। इस अवसर पर अधिष्ठाता सामुदायिक विज्ञान, डा. अल्का गोयल, अधिष्ठाता विज्ञान एवं मानविकी, डा. संदीप अरोड़ा, अधिष्ठाता पशुचिकित्सा विज्ञान, डा. एस.पी. सिंह, अधिष्ठाता कृषि, डा. एस.के. कश्यप, अधिष्ठाता छात्र कल्याण डा. बृजेश सिंह, अनुसंधान निदेशक, डा. ए.एस. नैन, अंतर्राष्ट्रीय मामलों के निदेशक डा. एच.जे शिव प्रसाद, निदेशक विधि डा. आशुतोष, कार्यवाहक अधिष्ठाता प्रौद्योगिक सिविल विभाग के विभागाध्यक्ष डा. पी.एस. महर, कार्यवाहक अधिष्ठाता मत्स्य विज्ञान, डा. अवधेश कुमार, मंडी समिति के अधिकारी तथा निर्माण एवं संयंत्र निदेशालय के अभियंता उपस्थित थे। निदेशक संचार डा. जे.पी. जायसवाल ने बताया कि इन सड़कों के नवीनीकरण एवं चौड़ाई में वृद्धि होने के फलस्वरूप पंतनगर विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों एवं परिसरवासियों को जहां एक ओर उनके आवागमन में सुविधा होगी वहीं दूसरी ओर विशेष रूप से विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित किसान मेलों में भाग लेने हेतु आने वाले कृषकों एवं वाहनों को पर्याप्त सुविधा होगी।



*भूमि पूजन के दौरान कुलसचिव डा. दीपा विनय एवं निदेशक निर्माण एवं संयंत्र डा. ज्योति प्रसाद।*



*भूमि पूजन के दौरान उपस्थित अधिष्ठाता एवं निदेशकगण।*